# लीले वाला | by Neeraj Mittal

खाटू में सजकर बैठा लीले का वो दातारी
एक झलक पागल करती सच्ची इसकी सरकारी
हारे का बनता सहारा जग से निराला रे
भक्तों के काम बनादे लीले वाला रे
भक्तों के काज सँवारे लीले वाला रे

नैना इसके कजरारे मुस्कान भी है नखराली
है चाल मोर सी सुन्दर दिखती है बड़ी निराली
इनके दर्शन पाता कोई किस्मत वाला रे
भक्तों के काम बनादे लीले वाला रे
भक्तों के काज सँवारे लीले वाला रे

सारी दुनिया का खाता रखते अपने हाथों में
नीरज भी इनसे पाता ना बहलाता बातों में
गौरव भी नित से जपता इनकी माला रे
भक्तों के काम बनादे लीले वाला रे
भक्तों के काज सँवारे लीले वाला रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-neeraj-mittal/